वर्ष- 21 अंक - 327 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 13 मई 2026

# आयात शुल्क बढ़ने से सोना-चांदी महंगा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। इस अपील के बाद कल रात को सोना-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ा दिया जिसके कारण आज सोना-चांदी महंगा हो गया। सोना और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर सरकार ने अब 15प्रश कर दिया है। सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी लगाई है। इस पर 5 प्रतिशत सेस लगाया है। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस मिलाकर कस्टम ड्यूटी 15 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। मोदी सरकार के इस फैसले से सोना 10 हजार रुपए बढ़कर 1.63 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। जबकि चांदी 18 हजार रुपए महंगी होकर 2.97 लाख रुपए किलो तक पहुंच गई।

## सराफा बाजार में पसरा सन्नाटा

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद सर्राफा बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सोने की खरीदारी में बड़ी गिरावट आई है। बाजार में 20 फीसदी से ज्यादा खरीद-बिक्री प्रभावित हुई।




## मोदी ने भी काफिला किया छोटा

**बुधवार.एजेंसी।** ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण गहराए तेल संकट को देखते हुए मोदी ने लोगों से पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील की थी। अब खुद मोदी ने भी अपने काफिले की 50 प्रतिशत गाड़ियां हटाने और काफिले में ई-वाहन रखने के निर्देश एसपीजी को दिए हैं। मोदी की अपील पर मध्यप्रदेश सहित पांच भाजपा शासित राज्यों ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए कदम उठाए हैं। मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के अलावा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या घटाने का आदेश दिया है। गुजरात, दिल्ली की सरकारों ने भी सार्वजनिक परिवहन अपनाने के निर्देश जारी किए हैं।

# अखिलेश के भाई और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की संदिग्ध मौत

**लखनऊ ● एजेंसी**



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव (38) की आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रतीक यादव मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के छोटे बेटे थे। वे अखिलेश यादव के सौतेले भाई थे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति थे। हालांकि, पिछले दिनों पति-पत्नी के बीच विवाद की भी खबरें आई थीं। हालांकि, मौजूदा वक्त में वे परिवार के साथ ही रह रहे थे लेकिन कहा जा रहा है कि पारिवारिक कलह जारी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी और इलाज चल रहा था। आज सुबह प्रतीक यादव अपने घर के कीचन में बेसुध मिले। उन्हें दोस्त और साला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उस समय अपर्णा यादव घर पर मौजूद नहीं थी। अब शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है ताकि पता चल सके कि मौत कैसे हुई? कुछ दिनों पहले भी उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। अपने परिवार की राजनीतिक बैकग्राउंड से दूर, प्रतीक यादव रियल एस्टेट और फिटनेस एंटरप्रेन्योरशिप के सेक्टर में काम करते थे। उन्होंने यूनाइटेड किंगडम के लंदन स्थित लीड्स यूनिवर्सिटी से एमबीए किया था।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### जहां गिरा था अजित पवार का प्लेन, वहीं फिर हुआ हादसा

**बारामती.एजेंसी।** महाराष्ट्र के बारामती में एक बार फिर ट्रेनिंग विमान हादसे की खबर सामने आई है। यह ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया गया टू सीटर विमान था, जो बारामती के गोजूबाबी गांव में जा गिरा। इससे पहले अजित पवार का प्लेन भी यहीं क्रैश हुआ था।

### आज बहुमत साबित करेंगे एक्टर विजय

**चेन्नई.एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एक्टर विजय को आज विधानसभा में बहुमत साबित करना है। उनकी पार्टी टीवीके के पास 108 सीटें हैं और कांग्रेस समेत सहयोगी दलों के समर्थन से गठबंधन की संख्या 121 तक पहुंच गई है और उन्होंने बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है।

### पाकिस्तान में विस्फोटकों से लदा ऑटो रिक्शा उड़ाया, 9 की मौत

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरा ऑटोरिक्शा उड़ा दिया, जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुलिसकर्मी और एक महिला भी शामिल हैं। इसमें 33 लोग घायल हुए हैं।

### हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा आगे

**चंडीगढ़.एजेंसी।** हरियाणा के निकाय चुनाव की मतगणना आज हो रही है। अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में भाजपा के मेयर प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। जबकि सांपला निकाय के चुनाव में भी भाजपा आगे चल रही है। कई जगह निर्दलीय प्रत्याशियों ने बढ़त बना रखी है।

## समय से पहले आ सकता है मानसून ओले-बारिश के बीच आंधी बिजली से 15 की मौत

**बुधवार.एजेंसी।** भारत में इस साल मानसून अपने निर्धारित समय से लगभग एक सप्ताह पहले दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण 25 से 27 मई के बीच मानसून केरल पहुंच सकता है, जबकि अंडमान में यह 16 मई तक सक्रिय हो जाएगा। एक तरफ जहां दक्षिण में बारिश की आहट है, वहीं उत्तर भारत भीषण गर्मी और आंधी की चपेट में है। राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48.3 डिग्री दर्ज किया गया है, तो यूपी और उत्तराखंड में धूलभरी आंधी का अलर्ट है।बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चा समेत 5 लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी के कारण एक मंदिर की दीवार गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, केरल के मलप्पुरम में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई।

## मोदी कैबिनेट में जल्द होगा फेरबदल.



**नई दिल्ली.एजेंसी।** 9 जून को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने वाले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बीजेपी संगठन और मोदी सरकार दोनों स्तरों पर बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फिलहाल केंद्रीय मंत्रिपरिषद में 72 सदस्य हैं, जबकि संवैधानिक रूप से इसकी अधिकतम संख्या 81 तक हो सकती है। 2027 में होने वाले सात राज्यों के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल और भाजपा संगठन में फेरबदल हो सकता है।

## दरवाजा खुलते ही कर देता है हमला

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा और केशवपुरम इलाके में एक शख्स की वजह से डर का माहौल है। इन इलाकों में पिछले 20 दिनों से इसका खौफ है। दिल्ली पुलिस को ऐसी शिकायतें मिली हैं कि यह शख्स दिनदहाड़े घरों की डोर बेल बजाता है और जैसे ही कोई दरवाजा खोलता है, हमला करके भाग जाता है।



### निदा खान के 'मददगार' के ठिकानों पर चला बुलडोजर

**नासिक.एजेंसी।** नासिक में टीसीएस कर्मचारी से जुड़े कथित सेक्सुअल हैरेसमेंट और धर्मांतरण मामले ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। आरोपी निदा खान को शरण देने के आरोप में AIMIM पार्षद मतीन पटेल के घर और ऑफिस पर नगर निगम ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एक नींबू के लिए बच्चे को पीट पीटकर मार डाला

**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में पेड़ से एक नींबू तोड़ने वाले 12 साल के बच्चे शुभम की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद दो समुदायों में आधे घंटे तक विवाद हुआ और जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए लोगों ने पिटाई करने वाले गोरे खान की गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

# प्रधानमंत्री और उनकी टीम सात अपीलों का करें पालन-पटेल

## मोदी को लिखा पत्र, मंत्रिमंडल, अधिकारी, मुख्यमंत्री राज्यों के मंत्री भी करें नियम को लागू नहीं तो दे इस्तीफा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में देशवासियों से की गई '7 अपीलों' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बयान जारी कर कहा कि उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की कि जो सात अपील जनता से पालन करने के लिए उन्होने बोली है वे अपील स्वंय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्रिमंडल से लेकर वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा व गठनबंधन के 21 मुख्यमंत्री और प्रदेश के आला अधिकारी पहले पालन करें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सारे प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष से लेकर पदाधिकारी पालन करें, अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र अपने अधीनस्थों से पालन नहीं करवा पाते है तो उन्हें और उनके मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्रियों, प्रदेश के मंत्रियों और पदाधिकारियों को इस्तीफा दे देना चाहिए और जनता से माफी भी मांगना चाहिए कि जो काम जनता से अपील कर करवाना चाहते है वह काम हम और हमारे सहयोगियों के अलावा हमारी पार्टी नहीं कर सकती है। पूर्व विधायक पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री अक्सर जनता पर नई-नई अपीलें और नए नियम थोप देते हैं, लेकिन उनके अपने तंत्र में इसके विपरीत आचरण दिखता है। उन्होंने मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि यदि देश की आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था उनसे नहीं संभल रही है, तो उन्हें नैतिकता के नाते इस्तीफा दे देना चाहिए। प्रधानमंत्री लोगों को विदेश जाने से मना कर रहे है और खुद विदेश की यात्रा कर रहे है, जहां वे जाते है उनके साथ कारों का काफिला होता है, यह भी रोका जाएं, प्रधानमंत्री स्वयं एक वर्ष तक कोई विदेश की यात्रा ना करे, किसी भी मुख्यमंत्री, केन्द्रीय और प्रदेश के मंत्री और भाजपा पदाधिकारियों को भी विदेश और दिल्ली और यहां तक की बार-बार यात्रा करने से रोके। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के शिलान्यास, उदघाटन और अन्य आयोजन में काफी तामझाम लगता है, करोडों रुपए खर्च होते है, यह प्रधानमंत्री वर्चुअल करे जिससे सरकारी खजाने की बचत होगी। सभी नेताओं को बेवजह वाहन में घूमने पर रोक लगाई जाए, रैली, बडी सभा भी रुकना चाहिए। प्रधानमंत्री को अपने भाजपा नेताओं के सोने के स्टाक की सार्वजनिक घोषणा करवाना चाहिए। प्रधानमंत्री की अपील से लोग डरे हुए है। पटेल ने यह भी कहा कि लोग नोटबंदी और कोरोना कुप्रबंधन को भूले नहीं है और ना ही कालाधन प्रधानमंत्री वापस ला पाए है और ना ही लोगों के खाते में 15 लाख भी नहीं पहुंचे है। 'अच्छे दिन' के नाम पर जनता को सिर्फ महंगाई और बेरोजगारी मिली है।' पटेल ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि प्रशासनिक अधिकारी और सत्ताधारी नेता अपनी विलासिता में व्यस्त हैं, जबकि आम नागरिक महंगाई की मार झेल रहा है। लोकतंत्र की संस्थाओं का दुरुपयोग कर सरकारें गिराने वाली राजनीति में व्यस्त भाजपा नेतृत्व को अब जनता को उपदेश देना बंद करना चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि यदि प्रधानमंत्री इन सातों अपीलों को स्वयं और अपनी टीम पर लागू करने का साहस नहीं रखते, तो उन्हें देश की बागडोर किसी सक्षम व्यक्ति को सौंप देनी चाहिए।

# गजब की तानाशाही पर उतरी प्रदेश कांग्रेस-भाजपा नगर अध्यक्ष

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस को तेल लेने भेजने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी पार्टी के एक ब्लॉक अध्यक्ष को सोशल मीडिया पोस्ट करने पर पार्टी से निकालकर साबित कर दिया है कि, उनकी कांग्रेस में अब छोटे और सच्चे कार्यकर्ताओं के लिए जगह नहीं है । मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के एक ब्लॉक अध्यक्ष राहुल धाकरे ने वरिष्ठ पत्रकार अरविंद तिवारी की पोस्ट पर प्रदेश प्रभारी को लेकर कार्यकर्ताओं की ओर से प्रतिक्रिया दी थी, उनका बोलना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को इतना नागवार गुजरा कि उन्हें हाथों हाथ पार्टी से निकाल दिया गया।

**सवाल पूछने वाले ब्लाक अध्यक्ष पद से हटे और वंदे मातरम का अपमान करने वाले पार्षद अभी भी पार्टी में**

जबकि खुलेआम कांग्रेस को भाड़ में भेजने का दावा करने वाली नेत्रियां पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ऐसा करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ये संदेश दिया है कि यदि वे अपनी पार्टी कांग्रेस को या दिग्विजय सिंहजी, कमलनाथजी, अजय सिंहजी, अरुण यादव जैसे वरिष्ठ कांग्रेसियों को अपमानित कर उनको अपशब्द कह सकते हैं, कांग्रेस की महिला पार्षद राष्ट्रगीत वंदे मातरम का अपमान कर सकती हैं, किंतु यदि किसी ने पटवारी गुटके खास समर्थक पार्टी प्रभारी या प्रदेश अध्यक्ष से सवाल किया तो कांग्रेस के समर्पित आम कार्यकर्ता को पार्टी से निकाल दिया जाएगा। मिश्रा ने कहा कि मालवा की संस्कृति है कि सदैव वरिष्ठों का आदर सम्मान बना रहना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से अपील की है कि वह भी अपने आत्म सम्मान के लिए आगे आए आवाज़ उठाएं। हमारा आपको पूरा समर्थन है।



## हनुमानजी मंदिर का जीर्णोद्धार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हुजूरगंज का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया गया। इस कार्य के बाद लाइट का काम कराया जाएगा। इस कार्य को लेकर बैठक का आयोजन भी किया गया। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, चंदन डागर, गोविंद अवस्थी, विशाल परमार, सतीश बैरागी, बंटू सोलंकी, वेदांत शुक्ला, बबलू भदोरिया, अजय अवस्थी, अर्पित यादव, सनी तिवारी, डकारसिंह दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री की अपील राष्ट्र हितकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ से जुड़े संतोष वाधवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील आर्थिक आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित से संबंधित है। प्रधानमंत्री के आह्वान का समर्थन किया गया है। आम लोग अनावश्यक रूप से सोने की खरीददारी से बचे इसकी भी अपील की गई है।

# जल संकट गहराया तो हुई रहवासियों की विरोध की चर्चा

## विधायक से की बात, एक दिन छोड़कर नल वह भी कम आता है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के कैट रोड स्थित आनंद फॉर्म और सहकर नगर के रहवासी गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रहवासियों ने इस मुद्दे पर बैठक भी आयोजित की और विधायक मधु वर्मा को भी दोनों क्षेत्र की जल समस्या से अवगत कराया। रहवासियों ने वर्मा से कहा कि अधिकारी समस्या सुलझाने के बजाय हाथ खड़े कर रहे हैं। क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई की जा रही है, वह भी बेहद कम मात्रा में। गर्मी के इस दौर में लोगों को पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों पानी भरने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। रहवासियों ने यह भी बैठक में कहा कि आनंद फॉर्म गेट चौराहा स्थित पानी की टंकी से नगर निगम के भारी भरकम क्षमता वाले दो टैंकर प्रतिदिन भरकर अन्य क्षेत्रों में भेजे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय रहवासियों के हिस्से का पानी कम हो रहा है और संकट लगातार गहराता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि राजेंद्र नगर क्षेत्र में प्रतिदिन पानी सप्लाई की जा रही है, जबकि आनंद फॉर्म और सहकर नगर के लोगों को भेदभावपूर्ण तरीके से एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही नियमित जल आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# एमआईसी सदस्य ने किया व्यापारियों से जनसंवाद

## सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पार्षद और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया ने विधानसभा 5 के वार्ड 47 में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाया। जो मुख्य रूप से राजकुमार मिल सब्जी मंडी, मालवा मिल क्षेत्र में चलाया गया।रहवासियों और व्यापारियों से संवाद कर पहाड़ियां ने नागरिकों से कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने तथा प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग बंद करने की अपील की। कार्यक्रम में स्वच्छता व्यवस्था, कचरा संग्रहण, सीवर सफाई एवं क्षेत्रीय समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा कई समस्याओं के निराकरण हेतु मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान भाजपा नेता, कार्यकर्ता, रहवासी, व्यापारी संवाद में शामिल हुए।






## महापौर ने भी किया मतदान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अधिवक्ताओं की संस्था के प्रदेश स्तर के चुनाव की प्रक्रिया कल की गई। इन्दौर से भी उम्मीदवार थे और इन्दौर से जुडे अधिवक्ताओं ने भी इस मतदान प्रक्रिया में शिरकत की थी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी कल अधिवक्ता और सदस्य होने के कारण कल चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया।

# कहीं फैला हुआ था सीएंडडी वेस्ट तो कहीं से नहीं उठा था कचरा

## दौरें के दौरान सामने आई हकीकत तो दिए सुधार के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



**स्वच्छता का गुरु बन जाने और बहुत बेहतर सफाई की व्यवस्था होने के दावे के बीच में अभी भी जब निरीक्षण होता है तो कहीं पर सीएंडडी वेस्ट का ढेर मिलता है तो कहीं पर कचरा मिल जाता है। ऐसी स्थिति में हमेशा ही सुधार करने के निर्देश दिए जाते हैं।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, जनसुविधाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। महापौर ने लोधीपुरा क्षेत्र का भी दौरा किया। यहां सड़कों पर पड़े निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) और लंबे समय से अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को देखकर उन्होंने संबंधित जोनल अधिकारी और सीएसआई को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण मलबे का तत्काल निष्पादन किया जाएं। महापौर ने लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर का निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में नागरिक यहां तैराकी के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने युवाओं और अन्य तैराकों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। तैराकों द्वारा शुल्क व्यवस्था को लेकर दिए गए सुझावों पर महापौर ने बताया कि पूल के रखरखाव, जल शुद्धिकरण और अन्य सुविधाओं पर नियमित व्यय होता है। साथ ही उन्होंने किस्तों अथवा त्रैमासिक भुगतान व्यवस्था के निर्देश दिए। महापौर ने राज मोहल्ला और इतवारिया बाजार स्थित सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिरों और बाजारों के आसपास प्लास्टिक का उपयोग कम किया जाएं तथा लोग घर से कपड़े या जूट का झोला लेकर खरीदारी के लिए आएं। दुकानों के बाहर गुटखा और तंबाकू थूकने से बने रेड स्पॉट को लेकर महापौर ने कहा कि अपनी दुकानों के सामने रेड स्पॉट किसी भी स्थिति में न बनने दें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहयोग नहीं मिलने पर बाजारों को रेड स्पॉट मुक्त बनाने के लिए चालानी कार्रवाई की जाएं। महापौर ने मुकेरीपुरा का भी निरीक्षण किया।



# कल के बाद आज भी कांग्रेस की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस द्वारा 15 मई को पानी की समस्या पर 22 झोन और अपर आयुक्त के घेराव का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस ने 12 मई तक पानी समस्या की डेड लाइन दी थी वह भी कल बगैर समस्या हल हुए समाप्त हो गई। कल कांग्रेस ने करीब 4 घंटे तक मैराथन बैठक कांग्रेस के 11 झोन से संबंधित ब्लॉक, मंडलम और शहर, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें सभी झोन पर किस तरह लोगों को एकत्रित कर प्रदर्शन किया जाना है उसकी जानकारी दी। कल जिनकी बैठक हुई वे आज अपने क्षेत्र में बूथ स्तर तक की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष लेंगे। वहीं आज 12 से 22 झोन से संबंधित बैठक फिर गांधी भवन में आज मैराथन शाम तक होगी।

# कांग्रेस नेता की बाइक दिनदहाड़े चुराई

## 13 साल पहले शादी में ससुराल ने दी थी भेंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नितेश राजौरिया ने बताया कि बाइक एमपी-08 एमएल 0827 दिनदहाड़े 11 मई की दोपहर 3.10 बजे से 3.20 बजे के बीच बियाबानी धार रोड स्थित होटल के सामने से अज्ञात चोर चुरा ले गया। कांग्रेस नेता नितेश राजौरिया इसी क्षेत्र में रहकर अपनी दुकान संचालित करते हैं, जब बाइक नहीं मिली तो वीडियो फुटेज खंगाले गए तो साफ दिखा कि टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति आया और आसानी से चाबी लगाकर बाइक चुरा ले गया। इस मामले में नितेश राजौरिया ने बताया कि यह बाइक उन्हें 13 साल पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में दी थी। इस मामले में सूचना छत्रीपुरा थाना में भी की गई है।

# फार्मा सेक्टर के सदस्य माह में एक बार कार नहीं चलाएंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बेसिक ड्रग्स डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश वार्ताकार जेपी मूलचंदानी ने फार्मा सेक्टर के सभी सदस्यों से पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि सभी फार्मा इंडस्ट्री के सदस्य एवं बेसिक ड्रग डीलर एसोसिएशन के सदस्य सप्ताह में एक बार पब्लिक ट्रांसपोर्ट या ई-व्हीकल का इस्तेमाल करें। साथ ही माह में एक बार नो कार-डे का भी संकल्प लें। मूलचंदानी ने पत्र में निवेदन किया कि विश्वस्तर की परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री ने देश की जनता से आह्वान किया है कि तेल, पेट्रोल, डीजल, गैस के इस्तेमाल में कटौती कर उसकी बचत में अपना सहयोग प्रदान करें।

# कांग्रेस नेता ने कहा बिजली कटौती विभाग की तानाशाही

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मामला देपालपुर विधानसभा के गौतमपुरा का**

देपालपुर विधानसभा से जुड़े कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने सीधे-सीधे बिजली विभाग के अधिकारियों पर अंगुलियां तानी और कहा कि बिजली विभाग अधिकारियों की तानाशाही से गौतमपुरा क्षेत्र में बिजली कटौती हो रही है। बिजली कटौती के कार्य को मोतीसिंह पटेल ने तानाशाही और तुगलकी बताया। पटेल ने कहा कि गौतमपुरा के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले दो तीन दिन से रात 10 बजे और 12 बजे दो बार और दिन में प्रति दिन मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। इस प्रकार अचानक बिजली कटौती से छोटे बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति और आमजन को गर्मी में भारी परेशानी हो रही। दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे पटेल ने बिजली विभाग की इस कटौती की निंदा करते हुए कहा कि एकतरफ बिजली के बिल भारी भरकम आ रहे हैं और दूसरी तरफ कटौती की जा रही है, जबकि सरकार दावा कर रही है कि बिजली में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार का दावा जुमले वाली दिखाई दे रहा है। पटेल ने सीधी-सीधी चेतावनी दी कि अगर बिजली विभाग का कटौती रवैया ठीक नहीं हुआ तो किसान और आम लोगों को साथ लेकर बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा उन्होने यहां तक कहा कि अगर मामला ठीक नहीं हुआ तो बिजली के बिल भी नहीं भरे जाएंगे, इसके लिए बिजली विभाग जिम्मेदार होगा।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आने को लेकर तैयारी बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**संगठन को लेकर भी चर्चा, कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया**





भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कल भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के इंदौर प्रवास को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई कि किस तरह पाटीदार का स्वागत किया जाए, किस तरह बैठक आयोजित की जाए। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी इस बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने कहा कि पार्टी के विस्तार में सभी कार्यकर्ता जुट जाए और अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ता प्रवास करें, संगठन को मजबूत करें। आगामी संगठन कार्य को लेकर चर्चा भी की गई। आगामी दिनों कॉलेज और छात्रावास के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया जाए। सरकारी योजना को लेकर लाभार्थियों से सीधी बातचीत हो, वोकल फॉर लोकल आत्म निर्भर भारत पर भी चर्चा कर आम लोगों को जोड़ा जाए सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में पदाधिकारियों को उद्बोधन देकर कार्ययोजना को अंतिम रूप तक पहुंचाने की बात भी कही। बैठक में सुमित मिश्रा, धीरज पाटीदार, जीतू यादव, प्रकाश राठौर, मोहित वर्मा, जीतू कुशवाह, डूंगरसिंह, विजय बिंजवा, मनोज पाल के अलावा जिला, मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद और विधायक ने दी सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राऊ विधानसभा के रालामंडल-तेजाजी नगर फ्लायओवर का लोकार्पण आयोजन किया गया। सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, रवि रावलिया, विश्वजीतसिंह सिसोदिया, मुरली मामा, तुषार ठेकेदार सहित अन्य मौजूद रहे।



# निगम के अफसरों को मितव्ययिता अपनाने के आदेश जारी

## शहर में जल्द ही अधिकारी और जनप्रतिनिधि साइकिल का सफर करते आएंगे नजर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में पेट्रोल डीजल बचाने की अपील का असर अब शासकीय विभागों में दिखाई देने लगा है। इसके लिए नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने एक विभागीय आदेश स्थापना विभाग से जारी किया गया है जिसके तहत सभी अफसर को वाहनों का उपयोग कम करने की सलाह दी गई है साथ ही नगर निगम की वर्कशॉप में भी वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं साथ ही इसके लिए एक योजना भी बनाई जा रही है। इस मामले में महापौर द्वारा सबसे पहले पहल करते हुए सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने और ई व्हीकल पर सवारी करने की घोषणा कर दी गई है। उन्होने कहा कि इंदौर 3 साल पहले ही पेट्रोल और पर्यावरण बचाने की प्रासंगिकता समझ चुका था।

इसके बाद जल्द ही एमआईसी सदस्य और अधिकारी साइकिल चलाते भी नजर आ सकते हैं। नगर निगम आयुक्त ने वर्कशॉप विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह वर्तमान में चल रहे नगर निगम के सभी वाहनों की समीक्षा करें कहां कितने वाहनों की अति आवश्यकता है उन पर विचार किया जाए साथ ही यदि वाहनों की संख्या कम की जा सकती है तो इस पर तत्काल अमल किया जाए। सभी नगर निगम के अधिकारियों से भी इस संबंध में चर्चा की जा रही है। केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही वाहनों का उपयोग हो, इस मामले में वर्कशॉप के प्रभारी मनीष पांडे से रिपोर्ट मांगी गई है फिलहाल नगर निगम के लिए वाहनों की संख्या कम करना बड़ी टेढ़ी खीर है क्योंकि एक ओर स्वच्छता सर्वेक्षण इस समय चल रहा है वहीं दूसरी ओर जल संकट की स्थिति भी शहर में बनी हुई है जिसको देखते हुए किसी भी स्थिति में वाहन की संख्या को कम किया जाना अफसर के लिए चुनौती पूर्ण कार्य है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में पेट्रोल डीजल बचाने की अपील का असर**

इसके अलावा जल्द ही शहर में नेता और अफसर साइकिल का उपयोग करेंगे ऐसी उम्मीद की जा रही है फिलहाल अभी तक मालवा क्षेत्र के किसी भी जिले में इस तरह की पहल शुरू नहीं हुई है जबकि जबलपुर में हाई कोर्ट जस्टिस डीडी बंसल साइकिल से कोर्ट परिसर पहुंचे। इसके अलावा भोपाल में दिखावे के लिए नेताजी ई रिक्शा में बैठ गए और गाड़ियों का काफिला पीछे चल रहा था जिससे पेट्रोल की खपत में कोई फर्क नहीं पड़ा। इंदौर नगर निगम में पूर्व सभापति अजय सिंह नरूका ने सप्ताह में एक दिन साइकिल से नगर निगम पहुंचने की पहल की थी वह अपनी गाड़ी छोड़कर अपने घर से नगर निगम तक साइकिल लेकर पहुंचते थे और इसके बाद पुनः शाम को साइकिल से ही घर जाते थे, इसी तरह की पहल कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा भी की गई वह दो पहिया वाहन पर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन यह बहुत ही सीमित अवधि के लिए था। अब कुछ समय तक साइकिल का सफर करना पड़ सकता है इसके लिए नगर निगम आयुक्त सहित अधिकारी भी कोई फैसला ले सकते हैं। फिलहाल इसकी मंत्रणा नगर निगम में चल रही है। वर्तमान में नगर निगम में लगभग 150 करोड रुपए बिजली और वाहनों के ईंधन पर खर्च हो रहे हैं। जिसको नियंत्रित करना नगर निगम के लिए मुश्किल भरा साबित हो सकता है। नगर निगम की ऑडिट विभाग द्वारा भी बढ़ते खर्च पर आपत्ति ली गई है इन्हें कम करने की अनुशंसा ऑडिट विभाग द्वारा की गई है इसके बाद से ही सभी विभाग अलर्ट मोड पर हैं। नगर निगम अपर आयुक्त मनोज पाठक ने बताया कि नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर आदेश जारी किया गया है। सभी विभागों को सूचना दे दी गई है अपने खर्चो में कटौती कैसे की जा सकती है। इस संबंध में निगम आयुक्त को प्रतिवेदन जल्द ही सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। अगले एक सप्ताह में विभागों को बताना है कि वह अपने खर्च किस तरह से कम करेंगे।

### महापौर सप्ताह में एक दिन लोक परिवहन का करेंगे उपयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने घोषणा करते हुए कहा कि वे सप्ताह में एक दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट या ई व्हीकल का उपयोग करेंगे, यह काम इंदौर पहले भी साल में एक बार नो कार-डे कर चुका है। हर साल इंदौर नो कार-डे मनाता है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पिछले 3 सालों से इंदौर जो रिकार्ड बना रहा है इसके पीछे पेट्रोल और पर्यावरण को बचाने का उद्देश्य है। देश के किसी अन्य शहर में इस तरह की पहल अब तक नहीं की गई थी लेकिन अब यह वास्तविक रूप से प्रासंगिक तौर पर सामने आने लगी है।

# इंदौर में लू चलने की आशंका

## कलेक्टर सहित सभी अधिकारी एक्शन मोड में आए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**गर्मी के इस मौसम में तेज गति से बदलते तापमान के कारण अब इंदौर में लू चलने की आशंका पैदा हो गई है। इस आशंका के चलते हुए कलेक्टर सहित सभी अधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं। शहर के नागरिकों को भी इस हालात से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है।**

इंदौर में गर्मी के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। मंगलवार को इंदौर का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस था जो की सामान्य से करीब साढ़े 3 डिग्री अधिक है। हवा की रफ्तार महज 6 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई है। जिस कारण शाम तक गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के लिए हीट वेव अलर्ट जारी किया गया है। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा ओआरएस के पैकेट सहित अन्य आवश्यक सामग्री दी जा रही है।

गर्मी के तेज हो जाने के चलते हुए जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों को सुरक्षित रहने की अपील की गई है। नागरिकों से कहा गया है कि जहां तक हो सके वहां तक दोपहर के समय पर बाहर निकलने से बचे और यदि निकलना आवश्यक है तो पूरी सावधानी के साथ बाहर निकले। इसमें सिर पर टोपी लगाना या फिर कपड़ा बांधना, मुंह पर कपड़ा बांधना, पीने के लिए पानी की बोतल को साथ में रखना जैसे कदम जरूरी है। मौसम विभाग के द्वारा लू चलने की चेतावनी देने के कारण सुरक्षा के उपाय ज्यादा करना जरूरी हो गया है।

### अभी गर्मी बढ़ती जाएगी

मौसम विभाग के विशेषज्ञों ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि तेज गर्मी से अभी शहर के नागरिकों को आराम नहीं मिल सकेगा। अभी तो तापमान बढ़ेगा और तेज गर्मी महसूस होगी। ऐसे में नागरिकों को गर्मी की तपन से बचने के लिए पर्याप्त सावधानी रखना चाहिए। मौसम विभाग के द्वारा दी गई इस जानकारी के आधार पर ही जिला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग भी एक्शन मोड में आ गया है।

# 20 मकान तोड़ने की कार्रवाई

## प्राधिकरण की योजना में सड़क निर्माण में बने हुए थे बाधक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा आज 20 मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई है। यह मकान प्राधिकरण की योजना में बनाए गए थे और सड़क निर्माण करने में बाधक बने हुए थे।

इंदौर विकास प्राधिकरण की टाउन प्लानिंग स्कीम नंबर 4 के क्षेत्र में सिटेडल माल के पास करीब 20 मकान कच्चे बने हुए थे। इन मकान मालिकों को मकान हटाने के लिए कहा गया था। इन लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान बनाए गए थे। निगम और प्राधिकरण की ओर से चेतावनी दिए जाने के बावजूद यह लोग अपने मकान हटाने के लिए तैयार नहीं थे। ऐसी स्थिति में प्राधिकरण द्वारा इंदौर नगर निगम के माध्यम से आज कार्रवाई की गई। निगम की रिमूवल गैंग जेसीबी और पोकलेन मशीन के साथ सुबह मौके पर पहुंच गई इस गैंग द्वारा बमुश्किल और आधे घंटे में इन सभी मकानों को बिना किसी समस्या के तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग, जिला प्रशासन, नगर निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

**महिलाएं घर में बैठ गई-** जब यह कार्रवाई की जा रही थी तब एक मौका ऐसा आया कि महिलाएं घर के अंदर बैठ गई और वह बाहर आने के लिए तैयार नहीं थी तो ऐसे में नगर निगम की रिमूवल गैंग की महिला कर्मचारी वहां पहुंची और उनके द्वारा इन महिलाओं को बलपूर्वक घर से निकाला गया। फिर जाकर मकान को तोड़ा जा सका।

# स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन को लेकर महिला शिक्षक बनेगी नोडल अधिकारी

## *सेनेटरी नेपकीन और डस्टबिन भी रखा जाए, डिस्पोजल की व्यवस्था भी हो*

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला शिक्षा अधिकारी ने कल सभी स्कूलों के प्राचार्य को पत्र प्रेषित किया। इसमें न्यायालय का हवाला देकर कहा गया कि प्रत्येक स्कूल को न्यायालय के आदेश में नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा प्रस्तुत कप्लायंस रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में अब विद्यालयों में मासिक धर्म प्रबंधन को लेकर एक महिला शिक्षक नोडल नियुक्त किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा कि संबंधित पत्र में दिए गए निर्देशों का प्राथमिकता के साथ पालन किया जाना जरूरी है। इस मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने पूर्व में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर इस मामले में निर्देश दिए गए थे। इसके लिए नोडल अधिकारी तो रहेंगे ही हर विद्यालय में सेनेटरी नेपकीन और उनकी डिस्पोजल की व्यवस्था के साथ आवश्यक जागरूकता सामग्री सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए डस्टबिन भी अलग रखा जाए।

# रेशम केंद्र गौशाला से 150 लीटर दूध रोज बेचेगा निगम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एयरपोर्ट रोड पर यशवंत सागर के सामने स्थित नगर निगम की रेशम केंद्र की गौशाला से अब निगम 150 लीटर दूध हर दिन बेचेगा। इसके लिए निगम के द्वारा दूध विक्रेताओं से ऑफर बुलवाए गए हैं।**

**दूध बेचने के लिए दुकानदारों से निगम ने मंगाए ऑफर**

नगर निगम की इस गौशाला को एक समय पर यहां की अव्यवस्था और खराब स्थिति के लिए जाना जाता था। उस समय पर इस गौशाला की चर्चा यहां आए दिन होने वाली गायों की मौत के लिए होती थी। इस गौशाला में कभी गाय का उपचार नहीं हो पता था तो कभी उसे पेट भरकर भोजन नहीं मिल पाता था। नगर निगम की वर्तमान परिषद के द्वारा कुछ और काम किया गया हो या नहीं किया गया हो लेकिन इस गौशाला को व्यवस्थित करने का काम जरूर किया गया है। ग्वालियर क्षेत्र में गौशाला का संचालन करने वाले संत को इस गौशाला की व्यवस्था सौंप दी गई। जिसके परिणाम स्वरुप गौशाला की स्थिति में बड़ा परिवर्तन आ गया।

अब यह गौशाला एक आदर्श गौशाला के रूप में उभरकर सामने आ रही है। गौ माता के प्रति श्रद्धा रखने वाले नागरिकों के सहयोग से गौशाला का फेस लिफ्टिंग किया गया है अब यहां पर गाय का न केवल पर्याप्त और बेहतर उपचार होता है बल्कि उसे बहुत अच्छा खाना भी उपलब्ध कराया जाता है। यही कारण है कि इस गौशाला में रहने वाली गौ माता के द्वारा दिया जाने वाला दूध भी बढ़ गया है। गौशाला की आवश्यकताओं की पूर्ति के पश्चात प्रतिदिन करीब 150 लीटर दूध अतिरिक्त होने लगा है। अब इस दूध को बेचने के लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर निकाला गया है। इस टेंडर की शर्तों के अनुसार इंदौर शहर में दूध का व्यापार करने वाला कोई भी वह व्यापारी जिसके पास में जीएसटी का नंबर हो वह इस गौशाला के दूध को खरीदने का काम कर सकता है। निगम के द्वारा हर दिन इस व्यापारी को गौशाला से 150 लीटर दूध दिया जाएगा। व्यापारियों से शुद्ध और अच्छी गुणवत्ता वाला दूध प्राप्त करने के लिए निगम के द्वारा ऑफर मांगे गए हैं।

गौशाला की स्थिति में इतना परिवर्तन आ गया कि अब वहां का दूध भी बेचकर नगर निगम गौशाला के विकास के लिए राशि जुटाने की स्थिति में आ गया है। निगम को उम्मीद है कि शहर के व्यापारियों के द्वारा अच्छी गुणवत्ता के इस दूध को अच्छी कीमत पर खरीदने की पहल की जाएगी। अब निगम के द्वारा बुलाए गए ऑफर का क्या नतीजा निकलता है यह तो आने वाला वक्त ही बता पाएगा।


D-11021/26
जब आती है
लाड़ली बहना योजना की
किस्त खाते में
तो सिर्फ रकम नहीं आती,
आता है आत्मविश्वास,
आती है आत्मनिर्भरता, और आता है
अपने फैसले खुद लेने का हक...
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को
₹1835 करोड़
की राशि का अंतरण
विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
13 मई, 2026 । ग्राम मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
लाड़ली बहनों को अब तक
₹ 57,761 करोड़+ की सहायता का अंतरण
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

# आज से दो दिवसीय बरसी महोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माली मोहल्ला, स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर संत श्री लादूनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान एवं महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं सदगुरु लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव का आयोजन आज और कल 14 मई को किया जा रहा है। अखंड रामायण पाठ से महोत्सव की शुरुआत 21 श्रद्धालुओं को पाठ के साथ हुई। कल सुबह पूर्णाहुति होगी। कल गुरुवार की शाम 5 बजे से महाप्रसादी, रात को भजन सत्संग के आयोजन होंगे।



# वर्षा जैन बनीं शहर प्रवक्ता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अ.भा. स्वतंत्रता सेनानी कल्याण परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर वर्षा जैन को इंदौर शहर मे शहर प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया। नियुक्ति पर विकास जोशी, राकेश शास्त्री, मनोहरसिंह तोमर, दिनेश दुबे, सुधा भंडारी, राधा पंवार, सुखदेव खरबड़ीकर ने बधाई दी है।

## नृसिंह मंदिर में एक माह तक होंगे धार्मिक आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नृसिंह मंदिर नृसिंह बाजार से जुड़े मोहित शर्मा ने बताया कि 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास अवसर पर अनुष्ठान और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। रोजाना शाम 5.30 बजे से सहस्त्र अर्चना की जाएगी। वहीं 1 से 7 जून तक शाम 4 से 7 बजे तक भागवत कथा भी होगी। 9 से 14 जून तक विशेष धार्मिक उत्सव मनाए जाएंगे। 15 जून को इन धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति और हवन, पूजन और प्रसादी का आयोजन होगा।



# बेसिक एनआरपी प्रशिक्षण का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम के प्रेसिडेंशियल एक्शन प्लान के तहत देशभर में एक वृहद् प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। वन डे, वन नेशन, वन मिशन की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम भारत के लगभग 350 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें 2000 से अधिक प्रशिक्षकों ने 23,000 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया। इंदौर के मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञों की मौजूदगी में बाल रोग विभाग द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. शची तरण, डॉ. स्तुति गगरानी, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. मोनिका चौधरी, डॉ. सूरज साहू, डॉ. अनिल मालवीय मौजूद रहे।

## जैन संगठन शिक्षा सहायता योजना के आवेदन फार्म देगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिगंबर जैन आम समाज संगठन एवं श्रुति फाउंडेशन शिक्षा सहायता योजना के आवेदन फॉर्म 17 मई को वितरित करेगा। 90 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान संतों के सानिध्य में किया जाएगा। 17 मई की दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्री चंद्रप्रभु माँगलिक भवन, अंजनी नगर, एरोड्रम रोड में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म वितरण का आयोजन किया जाएगा। इन्द्रकुमार वीणा सेठी, राजेश जैन ने ब ताया कि यह योजना इंदौर में अध्ययनरत जैन समाज के आर्थिक कमजोर मेधावी छात्रों के लिए संचालित की जा रही है। चिराग जैन ने बताया कि छात्रवृत्ति फार्म जिस दिन मिलेंगे उसी दिन कार्यक्रम स्थल पर भरकर जमा कराना होगा।

# परशुराम मंदिर से निकलेगी भागवत कलश यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पूर्वी क्षेत्र में धर्म रक्षक समिति और सर्व ब्राह्मण युवा एकता संगठन के तत्वावधान में रविवार 16 से 24 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिसके पूर्व 16 मई को शाम 5 बजे से पूर्वी क्षेत्र में भगवान परशुराम मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सैकड़ों मातृ शक्तियां सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल होंगी। सूरज जोशी ने बताया कि डॉ. विवेकानंद बाबा के श्रीमुख से कथा का रसपान कनाड़िया रोड शहनाई -2 बिल्डिंग के पीछे एसआर पेट्रोल पंप के सामने बंगाली चौराहा के पास होगा। आयोजन से सूरज जोशी, मुकेश जोशी, पूनमचंद जोशी जुड़े हुए है।

## संस्था नमो-नमो शंकरा करेगी मेधावी छात्रों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था नमो-नमो शंकरा के पंकज फतेहचंदानी ने बताया कि मेधावी छात्र सम्मान का आयोजन किया जाना है। इसके लिए अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए प्रतिशत तय किए गए हैं। सम्मान के लिए विद्यार्थियों को गूगल फार्म पर 31 मई तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा।



# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा नन्दबाग कालोनी के स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनकल्याण के लिए किया गया। हिमांशु यादव, योगेश शुक्ला, शैलेश त्रिपाठी, मोहितानंद महाराज, रीतेश ठाकुर, लक्ष्मी शर्मा, राजेश शुक्ला, अंतरसिंह दरबार, धीरेन्द्र ओझा मौजूद थे। वहीं डॉ. प्रिया सिसोदिया, प्राची गोयल, शिवांगी गुप्ता, संगीता यादव, अमेन्द्र बजाज, विनोद ठाकुर, संदीप वर्मा ने सेवाएं दी।

# गीत-संगीत का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आरजीत रिदम रॉक ग्रुप द्वारा प्रीतम लाल दुआ सभागृह मे गीत संगीत का आयोजन कर नए और पुराने गायकों को अवसर दिया गया। सूत्रधार जितेंद्र राठौर, ऋषिका झाला, आर.डी. शेहगांवकर थे। संजय जोशी, मिस्टी महेंद्र, जीआर गुप्ता, सुनील मरमट, जितेंद्र पाल, राजेश बिसे, सुरेश बदवानिया, वसुदेव लालवानी, अशोक रघुवंशी, प्रवीण दुबे, लता पवन नरवले, वीरा, सरिता शर्मा, रजनी बोरासी, सुरागिनी पांडे, स्नेहा गंधे, कुसुम तिवारी, शांता जायसवाल ने प्रस्तुति दी। आभार सुरेश खथुरिया ने माना।



## कलेक्टर शिवम वर्मा ने बढ़ाया मदद का हाथ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनी। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर शिवम वर्मा ने गंभीरता से सुना तथा संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायता उपलब्ध कराई।



कई सहायता भी दी और कई समस्याएं तत्काल सुलझाई और कई समस्याओं को हल करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## माहेश्वरी महिलाएं कराएंगी साधना महोत्सव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री मध्य क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पुरुषोत्तम मास में साधना महोत्सव का आयोजन 17 से 22 मई तक वेंकटेश देव स्थान छत्रीबाग में किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी भी तय की गई है और 6 दिनों के लिए यजमान और सहायक यजमान भी तय किए गए हैं। श्री महालक्ष्मी महायज्ञ, वेंकटेश अभिषेक, मालपुआ भोग, छप्पन भोग, लक्ष्मीनारायण सहस्त्रनाम अर्चना, महालक्ष्मीजी का अभिषेक, दीपोत्सव, भजन संध्या सहित अन्य आयोजन होंगे।

# अच्छी बिजली के लिए अनोखा जतन....

### गर्मी में ट्रांसफार्मर के अर्थिंग के लिए दे रहे पानी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अच्छी बिजली के लिए बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर के क्षेत्र में अर्थिंग की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे सम्पूर्ण व्यवस्थित बिजली उद्योग, दुकान और घरों तक पहुंचे। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ जाती है क्योंकि ए.सी., कूलर, फ्रीज सभी लोड पर काम करते हैं। ऐसे में जो ट्रांसफार्मर लगे हैं उनमें अर्थिंग का कनेक्शन भी होता है और इस अर्थिंग के कनेक्शन में जमीन में नमी बनी रहे इसलिए अर्थिंग वाले स्थान पर पानी डालकर नमी वाला कार्य भी किया जाता है। शहर में सैकड़ों की तादाद में ट्रांसफार्मर लगे हैं, जिससे बिजली आपूर्ति आगे होती है। इन ट्रांसफार्मर को आम भाषा में डीपी भी कहा जाता है। अर्थिंग में दिक्कत ना हो इसके लिए इन ट्रांसफार्मर स्थल पर अर्थिंग वाली जगह पर पानी डालने का काम भी समय-समय पर किया जा रहा है। अर्थिंग की कमी के कारण बिजली सप्लाय में दिक्कतें आती है इसलिए खासतौर से ट्रांसफार्मर वाले अर्थिंग स्थान पर पानी डालने का काम किया जा रहा है। अर्थिंग सही होता है तो बिजली की सप्लाय सही होती है। लाइट की ट्रीपिंग भी कम होती है। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि जहां लोड अधिक होता है वहां डीपी के अर्थिंग क्षेत्र में पानी डालने का काम सतत किया जा रहा है। फ्यूज सुधारने के वाहन में पानी भी रखा जाता है, जहां जरूरत होती है वहां पानी डाला जाता है।



## टाटवाल बने प्रदेश सचिव

इंदौर ( सिटी बलास्ट प्रतिनिधि )। अ.भा. कोली समाज शाखा म.प्र. में इंदौर के प्रहलाद टाटवाल को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्ति महेश उमरइया, प्रकाश महावर कोली, दिलीप देवरिया की अनुशंसा पर की गई। नन्दराम मेहर, सुनिल अस्टोलिया, गजेन्द्र महावर, मनोज सुखाड़िया, रामनारायण मुंगेलवाल, रघुनाथ पेंटर, रवि कर्नल मेहर, कैलाशचंद्र चौधरी, दिनेश वर्मा, हेमराज वर्मा, ईश्वरलाल सनोटिया, रमेश चिरगैया, नवीन चौधरी, ओमप्रकाश धीमान, रत्नेश वर्मा, देवीप्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, अजय खंडेलवाल आदि ने बधाई दी है।




## हम ग्रुप ने दी प्रस्तुतियां

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संगीत समूह हम ग्रुप ने प्रीतमलाल दुआ सभागृह में गीत गायन का आयोजन संगीत के साथ किया। अजय शर्मा, अमित रंजन, अनुमति शर्मा, अतुल चौधरी, गीता मल्होत्रा, हिमांशु वैद्य, लोकेश तिवारी, लोकेश सांखला, पिंटू सालूजा, रूपिंदर क्वात्रा, संजय काप्से, वैशाली करमबेलकर ने प्रस्तुतियां दीं। अतिथि चिंतन बाकीवाला थे।



# मोदी का किया स्वागत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुज प्रहलाद दामोदरदास मोदी के आगमन पर फेडरेशन टीम ने उनका स्वागत किया। मोदी ने दो दिवसीय प्रवास में धर्मस्थलों पर पहुंचकर प्रभु दर्शन किए। जिसमें महाकाल और ओंकारेश्वर बाबा शामिल है। मोदी ने उदबोधन भी दिया। संजय अग्रवाल, रोहित मित्तल, सुनीता विनोद जायसवाल, रवि जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# राजपूत चेतना मंडल ने बैठक में बताई आगामी कार्ययोजना



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

राजपूत समाज चेतना मंडल की कार्यकारिणी बैठक में त्रिवर्षीय चुनाव, नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं पूरे वर्ष के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष गजराजसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष चन्दरसिंह तोमर, रतनसिंह राजपूत ने वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करने के साथ कार्यक्रम का ब्यौरा भी दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में प्रदेश अध्यक्ष राजेशसिंह तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुपालसिंह चौहान, ओम भदौरिया, जिलाध्यक्ष दुलेसिंह राठौर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोनिका बैस के अलावा मंडल सचिव सत्येंद्र सिंह चौहान, संगठन महामंत्री मनोज ठाकुर, प्रचार प्रमुख भारत सिंह चौहान एवं कुंवर विनोद सिंह चौहान, सहसचिव अर्जुनसिंह पवार एवं युवराजसिंह राजपूत बनाए गए जिन्होने कार्ययोजना पर सुझाव भी दिए। युवा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. चैतन्यदेव सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष उदयसिंह पवार, सचिव रजत सिंह भदौरिया तथा महेंद्र सिंह भदौरिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# पुलक सागर महाराज के अवतरण दिवस पर गुणगान भक्ति संध्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलक मंच परिवार ने आचार्य पुलक सागर म.सा. के अवतरण दिवस पर अंजनी नगर चंदाप्रभु मांगलिक भवन में विशेष कार्यक्रम गुणगान भक्ति संध्या का आयोजन किया। प्रतिभा जैन, अनामिका बाकलीवाल, मीना झांझरी, मनोज बाकलीवाल, आशा सोनी, दीपक ग्वालियर, देवेंद्र सोगाणी, ऋषभ पाटनी, यशवंत मनाली तलाटी, महेंद्र मीना निगोत्या, माधुरी, कुलदीप सोनी, सुरेश सेठी, सपना गोधा, सरिता काला, उषा डोसी, निर्मला जैन, मधु जैन, प्रतिभा पंचोलिया, लता सोगानी सहित अन्य मौजूद थे।

# नर्सेस डे पर नर्सों का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

इंटरनेशनल नर्सेस-डे अवसर पर हॉस्पिटल्स, में कार्यक्रम की थीम 'अवर नर्सेस, अवर फ्यूचर एम्पावर्ड नर्सेस सेव लाइफ' के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। 40 नर्सों का सम्मान भी किया गया। अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग समारोह का आयोजन किया गया। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट लिनी टी ओम्मेन ने कहा, 'नर्सिंग सिर्फ एक पेशा नहीं बल्कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से जुड़ा काम है। डॉ. नीना अग्रवाल, मनीष गुप्ता ने भी उदबोधन दिए।

# सेवा संस्थान आश्रम कार्यक्रम में जैन समाजजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कालानी नगर के उन्मुक्त आनंद मानव सेवा संस्थान आश्रम में बच्चों एवं बुजर्गों के साथ मास्टर रियांश का अवतरण दिवस मनाने के साथ सभी को मिठाई खिलाई। यहां 28 बच्चे एवं 10 बुजर्ग जीवन यापन कर रहे है। संचालिका सौम्या जैन ने बताया कि यहां रहने वाले सभी बच्चे और बड़े जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन कर रहे है। आयोजन में सौम्या जैन, वैभव परिधि कासलीवाल, आशीष मनीषा जैन, ऋषभ जैन,संस्कार जैन, दीपक ऋतु जैन ,नरेंद्र सुषमा जैन सेवा कार्य में मौजूद थे।





# वैष्णव स्कूल के पुराने विद्यार्थी हुए एकत्रित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल के 1974 बैच (विज्ञान संकाय) के पूर्व छात्रों ने विशेष 'पोहा पार्टी' का आयोजन किया। हर एक-दो माह में होने वाला यह मिलन समारोह आज केवल पुरानी यादों को ताजा करने का माध्यम नहीं था, बल्कि पश्चिम बंगाल में आए वैचारिक और राजनैतिक परिवर्तन के जश्न का गवाह भी बना। डॉ. सुरेन्द्र बापट, भगवानदास छारिया ने अपनी भूमिका निभाई।

## अग्रमंच मनाएगा ''इन्दौर गौरव दिवस''

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था अग्रमंच के आशीष गोयल ने बताया कि इन्दौर गौरव दिवस 30 मई को संस्था द्वारा सायं 5 बजे अग्रसेन प्रतिमा चौराहा पर कार्यक्रम कर मनाया जाएगा। अग्रसेन प्रतिमा पर साज-सज्जा एवं महाराजा अग्रसेन की महाआरती की जावेगी मिठाई वितरण, के साथ इंदौर के गौरव व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन एवं राजनेता भी मौजूद रहेंगे।

# शिव मंदिर में अखंड रामायण और रुद्राभिषेक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शीतलेश्वर महादेव मंदिर में विजय मेहता सत्संग समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ महादेव के रुद्राभिषेक और पूर्ण यज्ञ आहुति का आयोजन किया। शिव-राम नाम जाप, आकर्षक श्रृंगार और मातृशक्ति के भजन एवं भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। गुरु विजय मेहता आयोजन से जुडे रहे।





# यादव की स्मृति में एरोबिक्स कैम्प

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ज्योति यादव की स्मृति में नेहरू स्टेडियम के पास रेजीडेंसी एरोबिक्स क्लब में एरोबिक्स कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जो 17 मई तक चलेगा। इस में अन्य एरोबिक्स क्लबों को भी आमंत्रित किया जा रहा है और वे प्रस्तुतियां भी दे रहे है। कल मेघदूत फिटनेस जोन द्वारा एरोबिक्स सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर धीरज कौशल, भावना चौधरी, नेहा ने अपनी भूमिका निभाई।

# निगम सौन्दर्यीकरण के अलावा सड़क पर भी करेगा करोड़ों खर्च

## सवा करोड़ की लागत से मध्य क्षेत्र की वर्षो पुरानी सड़क बनेगी मॉडल रोड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अब नगर निगम हरसिद्धि चौक पर सौंदर्य करण के कार्य कर हरसिद्धि से मोती तबेला तक की सड़क पर करोड़ों रुपए खर्च कर इसे आदर्श रोड बनाएगा। जिसके लिए निगम ने पूरी प्लानिंग कर सालों बाद मध्य क्षेत्र की इस मुख्य सड़क की सुध लेकर इसका सम्पूर्ण विकास करने के लिए मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र संशोधन योजना के अंतर्गत यहां एक साथ कई काम शुरू करने के लिए निगम द्वारा बकायदा निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत आने वाले दिनों में अगले माह तक बेहद जल्द एक करोड़ 23 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर हरसिद्धि क्षेत्र की इस सड़क को आदर्श रोड बनाने की कवायद भी टेंडर प्रक्रिया के साथ शुरू कर दी गई है।

**पलासिया से साकेत और रीगल से मधुमिलन जैसी आदर्श बनेगी सड़क -** खास बात यह है कि हरसिद्धि से मोती तबेला तक की सड़क भी पलासिया से साकेत तक की आदर्श सड़क और हाल ही में आरएनटी मार्ग पर करोड़ों रुपए की लागत से तैयार हुई मधु मिलन से रीगल तक की आदर्श सड़क की तरह ही आदर्श रोड़ बनाई जाएंगी। निगम द्वारा करीब सवा करोड़ के आसपास खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र संशोधन योजना के अंतर्गत हरसिद्धि चौक के सौंदर्यकरण के साथ मोती तबेला से हरसिद्धि तक सड़क चौड़ीकरण के साथ पहले से ज्यादा खूबसूरत बनाएगा। जिसके लिए चौड़ी सड़क के साथ सड़क के दोनों तरफ बैठक व्यवस्था के लिए आकर्षक बेंच लगाई जाएगी। खूबसूरती के लिए आकर्षक नवीन कचरा लीटर बिन, आसपास हरियाली और खूबसूरती के लिए आकर्षक डिजाइन वाली लाइटिंग और एक से बढ़कर एक देशी-विदेशी पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि से गुजरने वालों को दूर से ही सड़क आदर्श और सुविधाओं वाली नजर आए।

# केन्द्रीय मंत्री ने दिलाई आम्बेडकर नगर क्षेत्र को सौगात

धार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार-महू लोकसभा क्षेत्र में केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के प्रयासों के बाद विद्यालयों में विकास कार्य के लिए 142 करोड़ 65 लाख 36 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा जारी की गई है। लोकसभा क्षेत्र में स्वीकृत राशि के अंतर्गत धार विधानसभा के 7, गंधवानी विधानसभा के 6, सरदारपुर विधानसभा के 6, कुक्षी विधानसभा के 9 तथा मनावर विधानसभा के 8 हाई स्कूलों में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। इन विद्यालयों में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशालाएं, छात्र-छात्राओं हेतु आवश्यक सुविधाएं तथा अन्य आधारभूत विकास कार्य संपादित किए जाएंगे, जिससे आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। सांसद और मंत्री सावित्री ठाकुर ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

# अब शुरू होगा सेंट्रल लाइटिंग लगाने का कार्य

## दो दर्जन से ज्यादा डिजाइनर पोल पर आकर्षक लाइटिंग से जगमगाएगा क्षेत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





विधानसभा दो के अंतर्गत नंदा नगर क्षेत्र में यशोदा गेट से लेकर पिंक फ्लावर स्कूल तक के बड़े हिस्से में निगम द्वारा सेंट्रल लाइटिंग लगाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर यशोदा गेट से लेकर स्कूल तक के हिस्से में लगभग दो दर्जन से ज्यादा नया आकर्षक बिजली के पल पर रिंग पल वाली डिजाइनर लाइटिंग लगाने की तैयारी है। जिससे क्षेत्र के लोग अब देर रात तक भी अपने घर के आसपास मुख्य मार्ग पर बिना किसी डर और खौफ के गर्मी के मौसम में देर रात तक आराम से घूम सकेंगे।

**अभी अंधेरे की वजह से बच्चें भी देर रात तक नहीं खेल सकते है घर के आसपास-** यही नहीं जबकि अभी स्थिति यह है कि नंदा नगर क्षेत्र में यशोदा गेट से लेकर पिंक फ्लावर स्कूल तक के बड़े हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग नहीं होने से इस पूरे एरिया में अंधेरा रहता है अभी जो लाइटिंग लगी है उसकी रोशनी पर्याप्त नहीं होने से लोगों को रात में घूमने में बच्चों को बाहर खेलने में परेशानी होती है। वही अब निगम द्वारा आने वाले दिनों में अगले माह तक यहां बेहद जल्द क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर आकर्षक डिजाइन वाले पोल लगाकर उस पर तेज रोशनी वाली लाइटिंग लगाने का काम किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासी परिवार की लंबे समय की मांग अब जाकर पूरी होगी। जिसको लेकर निगम ने अपनी और से काम शुरू करने को लेकर तैयारी भी शुरू कर दी है।

# डायनासोर नेशनल पार्क को लेकर बैठक

## *धार में 200 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित होगा, संग्रहालय भी बनेगा*

धार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में डायनासोर नेशनल पार्क धार को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की गई। अधिकारी सपना लोवंशी, वन संरक्षक टीएन मिश्रा, विजय मंथन, कंसल्टेंट कौस्तुभ कुर्लेकर बैठक में शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने डायनासोर नेशनल पार्क से संबंधित मास्टर प्लान, बेसलाईन स्टडी और कंसलटेंट द्वारा तैयार प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. खाड़े ने बताया कि धार क्षेत्र में पहले से ही 89 हेक्टेयर क्षेत्र में जीवाश्म पार्क है। इस पार्क में जीव-जन्तुओं के जीवाश्म, डायनासोर की हड्डिया, अंडे, मल और इकाइनोडर्मा, मोलस्का, मछली और पोरिफेरा प्रजातियां शामिल हैं, जिन्हें डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान में दर्ज किया गया है। इस डायनासोर पार्क को देखने के लिये पर्यटक आते हैं। अब इसका दायरा बढ़ाया जायेगा, जो 89 हेक्टेयर से बढ़कर 200 हेक्टेयर का हो जायेगा। इस डायनासोर नेशनल पार्क में धार जिले की चार गांवों की जमीनों को शामिल किया गया है। पर्यटकों की आकर्षित करने के लिये इस पार्क का दायरा बढ़ाया जा रहा है। यहां पर एक बड़ा संग्रहालय भी बनेगा।

# औद्योगिक क्षेत्र के बोरिंग से निकल रहा है काला पानी

## चैंबरों की सफाई नहीं होने से हो रहा है पानी प्रदूषित

**इंदौर।** नेमावर रोड पर पालदा औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से निगम द्वारा ड्रेनेज और क्षेत्र के चैंबरों की सफाई नहीं होने से हालत यह है कि औद्योगिक क्षेत्र के बोरिंगो से काला पानी निकलने लगा है। जिससे क्षेत्र के व्यापारियों और व्यवासियों को भागीरथ पुरा जैसी घटना होने की आशंका होने लगी है। यही नहीं क्षेत्र के आधे से ज्यादा बोरिंग पूरी तरह से सूख गए या खराब होकर बंद हो गए है। ऐसे में इस व्यापारिक क्षेत्र में नर्मदा लाइन भी नहीं होने से इन दिनों गर्मी में भारी परेशानी हो रही है। हालत यह की औद्योगिक क्षेत्र में लोग रोज लोगों को निजी टैंकर मंगाना पड़ रहें है।



### बोरिंग की लाइन में मिल रहा है ड्रेनेज का पानी

वहीं क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों ने बताया कि पालदा औद्योगिक क्षेत्र के मंगल उद्योग नगर सहित अन्य क्षेत्र में लंबे समय से बोरिंग में से काला और बदबूदार पानी निकल रहा है। यही नहीं पानी की हालत इतनी खराब है कि यह पीना तो दूर नहाने धोने और वापरने के लायक भी नहीं है। हालत यह है कि लोगों को यहां रोजाना महंगे भाव के निजी टैंकर मंगाना पड़ रहा है। निगम में शिकायत के बाद भी चैंबरों की सफाई नहीं हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि नर्मदा लाइन और बोरिंग में ड्रेनेज लाइन मिक्सी होने की शिकायत की जा रही है। लेकिन कोई भी जिम्मेदार है कि यहां ध्यान नहीं दे रहा है।

# पुरानी एलईडी देखरेख में खराब, अब नई की तैयारी

## स्मार्ट पोल पर एलईडी स्क्रीन लगाने पर चार करोड़ से ज्यादा करेगा खर्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एक तरफ निगम द्वारा शहर के हर प्रमुख चौराहों पर आमजन को ट्रैफिक नियमों की जानकारी साझा करने के लिए लंबे समय से लगी सालों पुरानी एलईडी स्क्रीन पर ध्यान नहीं दिया। यही नहीं धीरे-धीरे ज्यादातर स्क्रीन लंबे समय से बंद पड़ी है या पूरी तरह से खराब हो गई है। वहीं अब निगम द्वारा शहर के प्रमुख क्षेत्रों में एक बार फिर से बिजली के खंभों पर एलईडी स्क्रीन बाट माडल (बल्ट-अपेरेटर ट्रांसफर) योजना के अंतर्गत लगाने की दोबारा योजना बनाकर तैयारी की जा रही है।

वहीं निगम की इस पहल का उद्देश्य मुख्य रूप से शहर की सुंदरता बढ़ाना, डिजिटल विज्ञापन के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करना और आमजन के बीच महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा करना है। हालांकि पहले से यातायात विभाग और निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों के साथ अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में सैकड़ों बड़ी एलईडी टीवी लगाई गई थी। जिनमें से वर्तमान में आधी से ज्यादा खराब पड़ी है।

### स्मार्ट पोल की मुख्य विशेषताएं

स्मार्ट पोल की खास विशेषताएं यह है कि इन खंभों पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से निगम के द्वारा आकर्षक डिजिटल विज्ञापन और अन्य जरूरी जानकारी दिखाई जाएगी। जबकि बाट मॉडल यह मॉडल बिल्ड ऑपरेटर ट्रांसफर पर आधारित है, जहां निजी कंपनी इन्हें लगाएगी और कुछ समय तक संचालित करने के बाद में निगम को सौंप देगी।

### बिजली की भी होगी बड़ी बचत

वहीं खास बात यह है कि इस तकनीक से बिजली की खपत में 45-50% तक की बचत की उम्मीद है, जैसा कि आधुनिक प्रकाश प्रणालियों में देखा गया है। साथ ही यह निगम के लिए आय का एक नया और प्रभावी साधन भी है। यह पहल इंदौर शहर को खूबसूरत और लगातार स्वच्छता में अव्वल बनाने की दिशा के तहत एक और महत्त्वपूर्ण कदम है जो शहर को आधुनिक और डिजिटल बना रही है।

## संपादकीय

# हिमाचल के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय

हिमाचल सरकार ने एक जून से शिक्षा संस्थानों में चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला भी किया है। मगर यह तभी सार्थक होगा, जब अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाएगा। शांतिप्रिय राज्य की छवि वाले हिमाचल प्रदेश में अब युवाओं के बीच नशे की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। नशीले पदार्थों का जाल न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण इलाकों तक फैल गया है। एक खास तरह का नशीला पदार्थ, जिसे स्थानीय भाषा में चिट्टा कहा जाता है, उसकी लत युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही है। दरअसल, जम्मू और पंजाब की सीमाओं से सटे होने के कारण हिमाचल में नशीले पदार्थों की तस्करी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जांच एजेंसियों के तमाम दावों के बावजूद नशे के इस तंत्र पर रोक नहीं लग पा रही है। अब प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए सरकारी नौकरी के लिए युवाओं का 'एंटी चिट्टा टेस्ट' अनिवार्य कर दिया है। साथ ही मेडिकल और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की भी हर वर्ष ऐसी ही जांच कराई जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि सरकार के इस कदम से युवाओं को नशे से दूर रखने में कुछ हद तक मदद मिल सकती है। हिमाचल सरकार ने एक जून से शिक्षा संस्थानों में चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला भी किया है। मगर यह तभी सार्थक होगा, जब अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेती और घरेलू कार्यों की व्यस्तता की वजह से माता-पिता अपने बच्चों पर ज्यादा नहीं दे पाते हैं और उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी की भी कम ही जानकारी होती है। ऐसे में किशोरों और युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रख सकें और उन्हें नशे के दलदल में उतरने से रोक सकें। इसके अलावा राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान से जुड़ने वाले अधिकारियों की वार्षिक रपट में भी इस कार्य का उल्लेख करने की बात कही है। यह वास्तव में एक व्यावहारिक पहल है। इसमें दोराय नहीं कि राज्य सरकार सतही उपायों के बजाय धरातल पर काम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे राज्य में शिक्षित युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी व्यापक स्तर पर कदम उठाने होंगे, क्योंकि नशे का सेवन करने वालों में छात्रों और बेरोजगार युवाओं की तादाद अधिक है।

# पशु प्रेमी को पीट कर किया घायल

## श्वान को भी पीटा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में पशुओं को लेकर अलग-अलग व्यवहार करने वाले लोग रहते है। एक और लोग सड़क पर घूमने वाले श्वान की पेट पूजा का ध्यान रखते है तो दूसरी और पशु क्रूरता के मामले भी सामने आते हैं। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है,जहां पशुप्रेमी को पीटकर घायल कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 71 का है। पुलिस को फरियादी राहुल पिता राजेश तोमर निवासी सिद्धार्थ नगर ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह स्कीम नंबर 71 स्थित विनायक प्रिंट एंड प्रोडक्ट पर काम करता है। जहां वह रोज आसपास के श्वान को खाना खिलाता है। समीप रहने वाले श्याम और अन्य उसे श्वान को खाना खिलाने पर रोकते है। 3 दिन पूर्व श्याम, शहद वाला और अन्य श्वान को पीट रहे थे, तभी राहुल ने उन्हें मना किया तो उन्होंने राहुल के साथ हाथापाई की।जिसके बाद कल सुबह राहुल ने जब श्वानो को भोजन दिया तो श्याम सहित अन्य ने फिर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया।पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की।




# पत्नी ने काम का बोला तो पेंटर ने खुद को आग लगाई

### इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

**इन्दौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा मामूली बात पर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का दुखद मामला सामने आया है। पेशे से पेंटर युवक ने घर में रखे तारपीन के तेल का उपयोग कर खुद को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक रामकिशन पिता हरिशंकर (50) निवासी लाला का बगीचा, तुकोगंज, पेशे से पेंटर का काम करता था। परिजनों के मुताबिक, घटना वाले दिन रामकिशन की पत्नी ने उसे काम-धंधे पर जाने और घर की जिम्मेदारियों को लेकर टोक दिया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और रामकिशन आवेश में आ गया। विवाद से क्षुब्ध होकर रामकिशन ने घर में रखा पेंटिंग में इस्तेमाल होने वाला तारपीन का तेल अपने ऊपर उड़ेल लिया और आग लगा ली। आग की लपटें देख घर में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर रामकिशन का साढ़ू भाई कमलेश तत्काल मौके पर पहुँचा और उसे बचाने की कोशिश की। कमलेश ही झुलसी हुई हालत में रामकिशन को लेकर अस्पताल पहुँचा। रामकिशन का शरीर काफी हद तक झुलस चुका था, जिसके कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। बीती रात इलाज के दौरान अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

# पिता ने फोन उठाना बंद किया तो बेटे ने दी जान

**इन्दौर।** एकता नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने पारिवारिक कलह और पिता से बढ़ती दूरियों के चलते मौत को गले लगा लिया। युवक इस बात से गहरा दुखी था कि उसके ससुराल पक्ष के साथ चल रहे विवाद में उसके अपने पिता भी उसका साथ नहीं दे रहे थे। तनाव के चलते उसने खौफनाक कदम उठाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान विशाल पिता अर्जुन (35) के रूप में हुई है, जो एक सीड्स (बीज) कंपनी में कार्यरत था। मृतक के पारिवारिक मित्र आशीष के अनुसार, विशाल का पिछले कुछ समय से अपने ससुराल वालों और पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। इस विवाद में विशाल के पिता अर्जुन, बेटे का साथ देने के बजाय ससुराल पक्ष और अपनी बहू के समर्थन में थे। विशाल अपने पिता को समझाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पिता ने उससे नाराज होकर उसका फोन उठाना तक बंद कर दिया था। बताया जा रहा है कि पिता द्वारा फोन न उठाने और पूरी तरह बातचीत बंद कर देने से विशाल गहरे डिप्रेशन में चला गया था। कल जब वह अपने कमरे में अकेला था, तब उसने ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली। जब उसके रूममेट ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, तो विशाल ने खून से लथपथ हालत में गेट खोला। रूममेट ने तत्काल उसके हाथ पर पट्टी बांधी, लेकिन तभी विशाल ने खुलासा किया कि उसने जहर भी खा लिया है। विशाल की हालत बिगड़ते देख उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन जहर शरीर में फैलने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भंवरकुआं पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**हाथ की नस काटने के बाद खाया जहर**

## डीपी से पटाखों की तरफ हुए धमाके

**इंदौर( सिटी ब्लास्ट )।** बड़ा बांगड़दा स्थित प्ले होटल के समीप डीपी से पटाखों की तरह धमाके हुएं।एक के बाद एक कई धमाके हुए,जिससे आस पास के लोगों में दहशत फैल गई। धू धू कर डीपी और पोल के साथ तार जल गए और आस पास के क्षेत्र की बत्ती गुल हो गई।



# जनगणना कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अपर कलेक्टर एवं जनगणना के प्रभारी अधिकारी नवजीवन विजय पंवार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर नगर निगम क्षेत्र में संचालित जनगणना कार्य के प्रथम चरण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणकों को अपना कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पंवार ने विशेष रूप से उन प्रगणकों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिन्होंने अभी तक अपना कार्य शुरू नहीं किया है। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि संबंधित प्रगणक शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे प्रगणक जो अभी तक अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें भी तत्काल कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इंदौर में नासिक का 'वांटेड' गिरफ्तार

## हुलिया बदलकर छोटी ग्वालटोली में काट रहा था फरारी, क्राइम ब्रांच और महाराष्ट्र पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन

**इंदौर।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या करने वाले एक कुख्यात बदमाश को इंदौर क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर दबोच लिया है। आरोपी नासिक पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए अपना हुलिया बदलकर इंदौर के छोटी ग्वालटोली इलाके में पहचान छुपाकर रह रहा था। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम राजेंद्र उर्फ राजा काकवीपुरे है, जो मूल रूप से नासिक के येवला का रहने वाला है।

राजेंद्र के खिलाफ नासिक के अडगांव थाने में बीते 9 मई को हत्या का संगीन मामला दर्ज किया गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। नासिक पुलिस की एक विशेष टीम सब-इंस्पेक्टर विकास पंचमुख के नेतृत्व में सुराग जुटाते हुए इंदौर पहुँची थी। स्थानीय क्राइम ब्रांच के साथ साझा की गई जानकारी के आधार पर तकनीकी छानबीन की गई और आरोपी को छोटी ग्वालटोली क्षेत्र से सफलतापूर्वक ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने चेहरे की बनावट और रहन-सहन में काफी बदलाव कर लिया था ताकि स्थानीय लोगों या पुलिस को उस पर शक न हो। हालांकि, पुख्ता इनपुट के चलते पुलिस उस तक पहुँचने में कामयाब रही। गिरफ्तारी के बाद कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए इंदौर पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। नासिक पुलिस अब आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रवाना होगी, जहाँ उससे हत्या के पीछे की मुख्य वजह और फरारी के दौरान मिले सहयोगियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।



# कूलर वाली बारात.... बारातियों पर चढ़ी डांस की गर्मी





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**बीते दिनों देवास में एक बारात में कूलर लगाए गए थे। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद कल इंदौर में भी एसी ही बारात निकाली गई। सयाजी होटल पहुंची इस बारात में गर्मी से बचाव के लिए बड़ा शामियाना लगाया गया था। टेंट वाला लवाजमा भी साथ चल रहा था जो छांव दे रहा था वो 20 कूलर बारातियों को ठंडक पहुंचा रहे थे जिससे उन पर डांस की गर्मी चढ़ गई। दुल्हा भी घोड़ी पर डांस करता नजर आया।**





## तेज रफ्तार कार की चपेट में आए घर के बाहर खड़े 2 व्हीलर्स

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के रूक्मणी नगर में एक घर के बाहर खड़ी 3 दोपहिया वाहन को तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। रहवासी के अनुसार घटना कल सुबह हुई थी,पुलिस को भी सूचना दी गई थी। स्विफ्ट डिजायर कार तेज रफ्तार से आई और वाहनों को टक्कर मार दी। जिससे वाहन और घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर।** आजाद नगर थाना इलाके में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी।फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नही चल सका है। मृतका का नाम कृष्णा बाई पति छोटू (30) निवासी मुसाखेड़ी है।उसने कल अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस मामले मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## टैंकर चालक की संदिग्ध मौत

**इन्दौर।** हीरानगर थाना इलाके में एक टैंकर चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मृतक का नाम अशोक पिता नवल (45) निवासी काशीपुरी है।परिजन उसे मृत हालात में अस्पताल लेकर पहुंचे।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है एवं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## क्राइम बांच ने बकरी को दबोचा

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र के सॉफ्ट विजन कॉलेज ग्राउंड में परदेशीपुरा के बदमाश आकाश ठाकुर पर गोलीकांड कर फरार हुए बदमाश अमित बकरी उर्फ अमित राजावत को इंदौर क्राइम बांच ने किया गिरफ्तार । सूत्रों के मुताबिक क्राइम ब्रांच ने तकनीकी सहायता से उसे मथुरा से गिरफ्तार किया है। जहां वह अपने एक परिचित के साथ फरारी काट रहा था।हालांकि आधिकरिक तौर पर इसकी पुष्टि नही हो पाई है।

# पुलिस ने बिछड़ों को मिलाया परिजनों से





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** छोटे बच्चे कहीं न कहीं इधर-उधर हो जाते हैं, जिससे परिजन परेशान होकर पुलिस की शरण में पहुंचते हैं। झाबुआ से अपने रिश्तेदार के साथ चिड़ियाघर में घूमने आए परिजनों से 7 वर्षीय मासूम बालिका बिछड़ गई। पुलिस संयोगितागंज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटे में बालिका को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया। चिड़ियाघर में ही पुलिस ने ढुंढाई की तो वहां कार्यरत अमित पगारे ने पुलिस को बताया कि यह बालिका चिड़ियाघर में परेशान हो रही है। महिला आरक्षक रितु सिर्वी और राजेश्वरी ने बालिका से पूछताछ कर माता-पिता का नम्बर लिया और परिजनों को अवगत कराकर बच्ची क सुपुर्द किया। थाना प्रभारी अरविंद खत्री, रमेशचंद मोनिया, कालीचरण, संदीप, लक्ष्मण, रितु, राजेश्वरी की भूमिका सराहनीय रही। वहीं सदर बाजार पुलिस ने दो घंटे में खो हुए बालक बिलाल को उनके माता-पिता के सुपुर्द किया। इस ढुंढाई के बाद पुलिस की प्रशंसा परिजनों ने की।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक खत्री, गोपाल यादव, जहांगीर खान, धर्मेंद्र जोशी, सी.के. साहू, पवन टिकेकर, कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ द्वारा वृत्त महू 'ब' क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही के दौरान महू क्षेत्र के भौंडिया तालाब, गवली पलासिया, बंजारी, भाटखेड़ी एवं अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। कार्यवाही में कुल 10 छापों के दौरान 8 प्रकरण विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही के दौरान 210 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया। महुआ लहान के सैंपल लेकर शेष सामग्री को मौके पर नष्ट किया गया। जब्त मदिरा, महुआ लहान एवं अन्य सामग्री का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 22 हजार रुपए है। उक्त कार्यवाही में आबकारी अधिकारी सुनील मालवीय, मीना माल, मीरा सिंह, त्रिअंबिका शर्मा, कृतिका द्विवेदी, जया मुजाल्दे का सराहनीय योगदान रहा।

# ट्रेचिंग ग्राउंड में अगरबत्ती बनाने का काम शुरू

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि ललित खेड़े)।** स्वच्छता विभाग की जिम्मेदारी जबसे प्रकाश चित्ते ने संभाली है तब से सफाई, गटरों की सफाई, अतिक्रमण की व्यवस्था सुधरी है। अब तीन वर्षों से बंद पड़ी कुंदा अगरबत्ती जो फूलमाला से बनाई जाती है वह काम फिर से शुरू किया गया है, रोजाना 1 घंटे यह अगरबत्ती ट्रेचिंग ग्राउंड में बनाई जाएगी। परिषद का वाहन फूलमाला ले जाता है और ट्रेचिंग ग्राउंड में डाल रहा था। अब इस फूलमाला से अगरबत्ती बनाने का काम शुरू हो गया, जिससे फूलमाला का उपयोग भी शुरू हुआ। प्रकाश चित्ते ने कहा कि तीन वर्षों से मशीन बंद पड़ी थी और फूलमाला से अगरबत्ती नहीं बन रही थी, जिसको फिर से एक घंटा रोजाना अगरबत्ती बनाने का काम शुरू कर दिया गया है, जितनी फूलमालाएं आ रही है उतनी अगरबत्ती बनाई जा रही है और यह अगरबत्ती मंदिरों में निःशुल्क दी जाएगी।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाये गए 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले के जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लू एवं तापघात से बचाव के लिए, प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए विशेष कक्ष बनाए गए हैं, जिसमें आवश्यक दवाईयों के साथ-साथ ओ.आर.एस. के पैकेट, कूलर एवं पंखों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इंदौर में जिला अस्पताल, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 14 'हीट स्ट्रोक क्लिनिक' बनाए गए हैं, इसके अतिरिक्त सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्यमान आरोग्य मंदिरों पर ओ.आर.एस. कोर्नर बनाए गए हैं।

# नए बिजली सब स्टेशन की जमीन का निरीक्षण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पालदा औद्योगिक क्षेत्र में नया 33/11 केवी सब स्टेशन तैयार किया जाना है। इसकी जमीन का निरीक्षण करने के लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने दौरा किया। उन्होंने करीब ढ़ाई करोड़ की लागत से बनने वाले 5 एमवीए क्षमता के 33/11 केवी नए ग्रिड के निर्माण स्थल पर सिविल का कार्य जल्दी करने के निर्देश दिए। सिंह ने पालदा का पुराना ग्रिड भी देखा, पालदा औद्योगिक क्षेत्र की मौजूदा बिजली वितरण व्यवस्था एवं शिकायत निवारण इत्यादि की जानकारी ली। अधिकारी एसएल करवाड़िया, डीके गाठे, राजेश जौहर, अजीज बूटवाला,अलिंद देशपांडे उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के लिए कलेक्टर ने खुलवाया रास्ता



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर तहसील हातोद के ग्राम बदरखा में ग्रामीणों की समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए बंद रास्ते को खुलवाया गया। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बंद होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन की तत्परता से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मौके पर रास्ता खुलवाया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। रास्ता खुलवाने की यह कार्रवाई एसडीएम हातोद विनोद राठोर के निर्देशन में तहसीलदार गोविंद राठोर ने की।


# कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(यातायात विभाग)**

**निविदा विज्ञप्ति**

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक :** 05/यातायात/2026-27/ई-टेण्डरिंग

**दिनांक:** 11.05.2026

ऑनलाईन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से केन्द्रीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत M.P.P.W.D. में पंजीकृत ठेकेदारों/संस्थाओं से म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी स्टेण्डर्ड शेड्यूल ऑफ रेट्स दिनांक 08.11.2025 (Vol I), दिनांक 02-08-2021 (Vol I & II) एवं नॉन एस.ओ.आर. आईटम पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | प्राकलन राशि/ अर्नेस्ट मनी रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य व ठेकेदार की न्यूनतम श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD _506096 | मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत हरसिद्धि चौराहा सौन्दर्यीकरण एवं आदर्श रोड़ हरसिद्धि से मोती तबेला तक आदर्श रोड़ का निर्माण करना। | ₹1,23,37,579/- ₹61,700/- | ₹12,500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 2026_UAD _506097 | मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत तीन इमली चौराहा सौन्दर्यीकरण, तीन इमली से पवनपुरी तक आदर्श रोड़ का निर्माण करना। | ₹1,26,78,683/- ₹63,400/- | ₹12,500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 2026_UAD _506098 | प्रतीक सेतु के नीचे शहीद स्मारक बनाने बाबद। | ₹1,20,46,230/- ₹60,300/- | ₹12,500/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. **निविदा ऑनलाइन क्रय / प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक** : **11/06/2026 (शाम 5:30 बजे तक)**
2. **तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक** : **12/06/2026 (शाम 5:30 बजे पश्चात)**

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (यातायात)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

# मप्र राज्य किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में मेजबान इंदौर चैंपियन बना




**इंदौर।** जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन व किड्स कॉलेज स्कूल द्वारा तीन दिवसीय मध्य प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के शानदार समापन समारोह के अवसर पर सर्वाधिक पदक प्राप्त कर मेजबान इंदौर चैंपियन बना, जबकि द्वितीय स्थान भोपाल व तृतीय स्थान पर सतना रहा। यह समापन समारोह एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडवले द्वारा किया गया । उक्त जानकारी देते हुए एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश के महासचिव आशुतोष दाधीच ने बताया कि इंदौर में इस प्रतियोगिता का आयोजन दूसरी बार किया गया जिसमें मध्य प्रदेश राज्य के अंतर्गत आने वाले जिलो कटनी, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, सतना, दतिया,रीवा, सिवनी, नीमच एवं मेजबान इंदौर सहित 12 जिलों के 350 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी वाको राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये प्रतियोगिता वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के नियम अनुसार आयोजित की गई । निष्पक्ष खेल और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी रेफरी एवं सभी जिला किकबॉक्सिंग पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस तीन दिवसीय मध्य प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में विभिन्न समितियां में दिनेश मटके, विजय बरेठिया, गौरव सनोतिया, नरेंद्र चौहान, प्रणय सेठ, मोहन साल्वे,भूषण,आदि थे।

# धमाकेदार जीत के साथ टेबल टॉपर बनी गुजरात टाइटन्स



**अहमदाबाद.एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (इ्प्ल) 2026 के मैच नंबर-56 में मंगलवार (12 मई) को गुजरात टाइटन्स (उऊ) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (ऍ्रि) से हुआ. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने 82 रनों से जीत हासिल की. गुजरात ने हैदराबाद को जीत के लिए 169 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन उसकी पूरी टीम 86 रनों पर ही सिमट गई. इस धमाकेदार जीत के चलते गुजरात टाइटन्स अब अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई.

मौजूदा सीजन में गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद का प्रदर्शन शानदार रहा है. गुजरात टाइटन्स ने 12 में से 8 मुकाबले जीते हैं और उसके 16 अंक हैं. दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने 12 में से 7 मुकाबलों में जीत हासिल की है. सनराइजर्स हैदराबाद के 14 पॉइंट्स हैं. हैदराबाद अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है.

रनचेज में सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही. हैदराबाद ने पावरप्ले में ही 4 विकेट खो दिए. मोहम्मद सिराज ने ट्रेविस हेड को खाता भी नहीं खोलने दिया. वहीं कगिसो रबाडा ने अभिषेक शर्मा (6 रन), ईशान किशन (11 रन) और स्मरण रविचंद्रन (9 रन) के विकेट झटके. स्मरण के आउट होने के समय हैदराबाद का स्कोर 32/4 था. सलिल अरोड़ा ने कुछ अच्छे शॉट्स जरूर लगाए, लेकिन उनकी ज्यादा देर तक नहीं चली. सलिल (16 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने चलता किया. अब विकेट्स लेने की बारी जेसन होल्डर की थी. होल्डर ने एक ही ओवर में हेनरिक क्लासेन (14 रन) और नीतीश कुमार रेड्डी (2 रन) के विकेट्स लेकर सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 60/7 कर दिया. शिवांग कुमार (4 रन), पैट कमिंस (19 रन) और प्रफुल्ल हिंगे (3 रन) आउट होने वाले आखिरी तीन बल्लेबाज रहे. गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने तीन-तीन विकेट झटके. प्रसिद्ध कृष्णा को दो सफलताएं हासिल हुईं. जबकि राशिद खान और मोहम्मद सिराज ने एक-एक विकेट झटका.

### ऐसी रही गुजरात टाइटन्स की बैटिंग

गुजरात टाइटन्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 168 रन बनाए. गुजरात टाइटन्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में कप्तान शुभमन गिल (5 रन) का विकेट गंवा दिया, जो प्रफुल्ल हिंगे का शिकार बने. हिंगे ने फिर खतरनाक बल्लेबाज जोस बटलर (7 रन) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया. इसके बाद निशांत सिंधु और और साई सुदर्शन ने तीसरे विकेट के लिए 38 रनों की साझेदारी कर इनिंग्स को संभाला. निशांत ने 22 रनों का योगदान दिया और उनका विकेट पैट कमिंस ने झटका. वॉशिंगटन सुंदर और साई सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 60 रनों की शानदार पार्टनरशिप की. सुदर्शन ने 44 गेंदों पर 61 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. सुदर्शन को तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने चलता किया. सुदर्शन के आउट होने के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने पूरी तरह मोर्चा संभाल लिया.

## 200 सीटों पर होगा टेलेन्ट सर्च

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट बालक क्रीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर में खेल विधाओं में जिलांतर्गत बालक क्रीडा परिसर इंदौर मुख्यालय में 200 सीट स्वीकृत की गई है। इसमें एथेलेटिक्स, हैण्डबाल, कुश्ती विधाओं का संचालन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन एवं चयन प्रक्रिया शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक क्रीडा परिसर में होगी। मिनी समूह में 11 वर्ष से 14 वर्ष (कक्षा 6 से 8वीं एवं जूनियर वर्ग के लिये कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों का टेलेन्ट सर्च के माध्यम से चयन किया जायेगा।

# देवनगर इलेवन और नूरी इलेवन अगले दौर में पहुंचे



**इंदौर ।** नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेली जा रही राजीव गांधी एकता क्लब द्वारा आयोजित इनामी रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत पहला मैच अटल इलेवन और देव नगर इलेवन के मध्य खेला गया पहले टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय देवनगर ने लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए अटल इलेवन ने 10 ओवर में 64 रनों का विजयी लक्ष्य देव नगर को दिया लक्ष्य का पीछा करते हुए देव नगर ने तीन विकेट होकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर विजयी श्री प्राप्त की सावन ने देव नगर की ओर से सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। स्पर्धा का दूसरा मैच खुडेंल क्लब और नूरी इलेवन के मध्य खेला गया नूरी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 50 रनों का टारगेट खुडेंल टीम को दिया खुडेंल टीम ने 5 ओवर में ही 10 विकेट से जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश खुडेंल टीम की ओर से मुनव्वर ने सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। स्पर्धा में दोनों टीमों से भाजपा नेता भरत मथुरा वाला, पुनीत परिया युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, कुणाल सोलंकी पार्षद, शिवनारायण चौहान,आसिफ खान ने परिचय प्राप्त किया। अतिथि स्वागत किया विक्की सिलावट, सौरभ वर्मा, अलंकार रायकवार, मकवाना,रूबी नय्यर, मोनू यादव, अनिकेत सिलावट, रणवीर सिलावट ने दी।

## अथर्व झरिया को येलो बेल्ट



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मार्शल आर्ट्स संस्था ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा पब्लिक स्कूल में आयोजित रेनबुकान कराते ग्रेडिंग परीक्षा में नन्हा खिलाड़ी अथर्व झरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट प्राप्त की। इस अवसर पर अथर्व को मास्टर सईद आलम द्वारा येलो बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## संजना राठौर हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की संजना राठौर हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ मध्य प्रदेश के महासचिव अर्जुन यादव द्वारा हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश कुश्ती टीम घोषित कर दी इस टीम में इंदौर के ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की उभरती हुई संजना राठौर का चयन ओपन वर्ग में किया गया है। यह चयन सागर में आयोजित ट्रायल के आधार पर हुआ। 17 सदस्य महिला पुरुष टीम 14 से 17 मई 2026 महाराष्ट्र के सतारा शहर में आयोजित हिंद केसरी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। नकद और अन्य पुरस्कार भी विजेताओं के लिए रखे गए हैं। संजना राठौर ने रमेश मिस्त्री पहलवान से कुश्ती का प्रशिक्षण लिया। चयन पर सेन्टर के कई पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## ओजस, अराध्य, वेदेही, आर्या क्वाटरफाइनल में




**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही प्योराशोर ऑल इण्डिया ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए प्री-क्वाटरफाइनल के मुकाबले में मध्यप्रदेश के ओजस मिश्रा, अराध्य पाटिल, बालक वर्ग से तथा वेदेही शर्मा, आर्या गोयल, बालिका वर्ग से क्वाटरफाइनल में पहुंच गए हैं।

बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के प्री-क्वाटरफाइनल में ओजस मिश्रा (म.प्र.) ने अनन्त यादव (म.प्र.) 6-2, 6-2 अराध्य पाटिल (म.प्र.) ने सौरीष गुप्ता (म.प्र.) 6-0, 6-0 त्रिषिर धवन (म.प्र.) ने शौर्य माखीजा (म.प्र.) 6-0, 6-0 रूहान तलरेजा (म.प्र.) ने राजवीर राय (म.प्र.) 6-3, 4-6, 10-8 गीतांश मखनिया (म.प्र.) ने अरहम उदानी (गुज.) 6-3, 6-4 विहान नवाब (म.प्र.) ने अथर्व लाहोटी (म.प्र) 6-0, 6-2 अर्जुन धर्माधिकारी (म.प्र.) ने रेयांष पटेल (म.प्र) 7-6, 6-3 ऋगवेद मालसे (म.प्र.) ने शौर्य सूद (महा.) 6-3, 7-6 से पराजित किया। बालिका वर्ग-14 वर्ष आयु के प्री-क्वाटरफाइनल में वेदेही शर्मा (म.प्र.) ने काव्या गिनारे (म.प्र.) 6-0, 6-3 आर्या गोयल (म.प्र.) ने अहाना दोषी (म.प्र.) 6-0, 6-3 लाराब्या चौरसिया (छ.ग.) ने मायरा सिंह कुषवाह (म.प्र.) 6-0, 6-1 प्रांषी पटेल (गुज.) ने अनवी सोनी (म.प्र.) 6-0, 6-1

# ज्वेलर्स दुकानदारी विवाद में युवक को पीटा, वीडियो वायरल

## महिला भी आई बीचबचाव करने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के सबसे व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र सराफा में दुकानदारी को लेकर उपजा विवाद मारपीट तक जा पहुँचा। चांदी मार्केट में चार युवकों ने मिलकर एक अन्य युवक की पिटाई कर दी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। सराफा पुलिस ने वीडियो और फरियादी के बयानों के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**





सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया के अनुसार, घटना चांदी मार्केट की है। फरियादी राहुल बागले पिता राजेश बागले है जो चांदी मार्केट में काम करता है, उनका वहीं के कुछ अन्य युवकों से दुकानदारी और ग्राहकों को लेकर विवाद चल रहा था। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने राहुल पर हमला कर दिया। फरियादी राहुल ने पुलिस को बताया कि रामराज, अजय सिंह, देविंद और देवराज ने उसे घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सरेराह युवक के साथ अभद्रता की और उसे चोटें पहुँचाईं। इस दौरान वहां मौजूद किसी राहगीर ने मोबाइल से पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में आरोपी युवक को पीटते हुए साफ नजर आ रहे हैं। सराफा पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि विवाद की असल वजह का पता लगाया जा सके। इस मामले में जिसकी पिटाई हो रही थी उसे बचाने के लिए एक महिला ने भी काफी प्रयास किए। इधर अन्य व्यापारी भी मारपीट के दृश्य को देखने दुकान से नीचे उतर गए थे और बाकी दुकानदार दुकान से ही नजारा देख रहे थे। विवाद के चलते जाम और गहमा गहमी की स्थिति बन गई थी।

# हॉस्टलों में गांजा सप्लाई करने वाला पैडलर गिरफ्तार

## नशा करते पकड़े गए छात्रों की निशानदेही पर पकड़ाया सप्लायर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र में नशे के जाल को तोड़ने के लिए पुलिस ने सक्रियता दिखाई है। कल हॉस्टल से छात्रों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने ड्रग सप्लाई चेन पर प्रहार करते हुए मुख्य पैडलर को सवा लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।**



कार्यवाही का सिलसिला सोमवार, 11 मई को शुरू हुआ, जब भंवरकुआं पुलिस ने डीएवीवी कैंपस के हॉस्टल में मादक पदार्थ का सेवन करते हुए 4 छात्रों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सुनील कुमार मेहता ने नशे की सप्लाई चेन को ट्रैक करने और मुख्य सप्लायर तक पहुँचने के सख्त निर्देश दिए थे। डीसीपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम जब क्षेत्र में सर्चिंग कर रही थी, तभी मंगलवार को एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी कुलदीप पिता मनोहर तंवर निवासी न्यू कमलनगर, राऊ के कब्जे से 1 किलो 206 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 1,15,000/- रुपये बताई जा रही है।पुलिस ने आरोपी कुलदीप के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपी क्षेत्र के हॉस्टलों और छात्रों के बीच नशा सप्लाई करने का काम करता था।पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह नशा कहाँ से लाता था और इस नेटवर्क में अन्य कौन से पैडलर शामिल हैं।

# श्वान को पिता–पुत्र ने डंडे से पीटा, केस दर्ज

## घायल श्वान पर दोबारा किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

कनाड़िया क्षेत्र में एक स्ट्रीट डॉग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। मामले में स्थानीय पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो जनसुनवाई में कमिश्नर के पास मामला पहुंचा। जिसके बाद कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।





कनाड़िया पुलिस ने प्रमिला गुप्ता निवासी कनाड़िया की शिकायत पर गिरनार कॉलोनी निवासी राजेंद्र भारती और उसके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है । प्रमिला ने बताया उनके घर के सामने एक काले रंग का स्ट्रीट डॉग अक्सर घूमता रहता था। 7 अप्रैल को वह घर के बाहर खड़ी थीं, तभी राजेंद्र भारती और उनका बेटा डंडा लेकर आए और डॉग को पीटने लगा। पशुप्रेमी प्रमिला ने घायल डॉग का बाद में निजी अस्पताल में इलाज कराया गया,उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ था,जिसके बाद पैर में पट्टा बांधकर छोड़ दिया गया। प्रमिला का आरोप है कि 19 अप्रैल को आरोपी पिता-पुत्र ने फिर उसी डॉग पर डंडों से हमला किया जिससे उसको उसी पैर में चोट लगी। मामले की शिकायत लेकर वह थाने पहुंचीं, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने पीपुल्स फॉर एनिमल की अध्यक्ष प्रियांशु जैन के साथ पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात कर शिकायत की। शिकायत के बाद कनाड़िया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट की शिकायत से हुआ गांजा तस्करी का खुलासा

## गांजे सहित शातिर बदमाश को दबोचा, स्कॉर्पियो जब्त, भागने के प्रयास में आरोपी का पैर टूटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**खजराना पुलिस ने 360 डिग्री इन्वेस्टिगेशन का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। मारपीट की एक सामान्य एफआईआर की गहराई से जांच करने पर पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी की महत्वपूर्ण कड़ी हाथ लगी, जिससे एक आदतन अपराधी सलाखों के पीछे पहुँचा।**

पूरा मामला तब शुरू हुआ जब फरियादी सौरभ रघुवंशी ने वैभव बुंदेला उर्फ रजत ठाकुर निवासी चित्रा नगर के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी खजराना मनोज सेंधव ने जब मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की और मारपीट का असल कारण जानना चाहा, तो पता चला कि दोनों के बीच विवाद गांजा बेचने की बात को लेकर हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल अभिव्यक्ति गरबा ग्राउंड पहुँची, जहाँ आरोपी अपनी स्कॉर्पियो में मौजूद था। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उसे हिरासत



में ले लिया गया। इस भागदौड़ के दौरान गिरने से आरोपी का पैर भी टूट गया है। आरोपी की गाड़ी की तलाशी लेने पर पुलिस को 2 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है, वहीं 20 लाख रुपये मूल्य की स्कॉर्पियो भी ज़ब्त की गई है। पकड़ा गया आरोपी वैभव बुंदेला उर्फ रजत ठाकुर विजयनगर थाने का आदतन बदमाश है और उस पर पूर्व में दो दर्जन से भी अधिक अपराध दर्ज हैं।

वह पेशे से ऑटो चालक है, जिसकी आड़ में वह नशे के अवैध कारोबार को संचालित कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के मकान मालिक के विरुद्ध भी अपराध दर्ज किया है, क्योंकि उन्होंने पुलिस को किरायेदार की जानकारी नहीं दी थी। फिलहाल पुलिस आरोपी का रिमांड लेकर मुख्य सप्लायरों और उसके पूरे नेटवर्क की तलाश कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।